''एक पेड मॉ के नाम'' के तहत वृक्षारोपण

उदयपुर, । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड मॉ के नाम' अभियान के तहत दी उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड प्रधान कार्यालय में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सहकारिता विभाग - खण्ड उदयपुर की अतिरिक्त रजिस्ट्रार महोदया श्रीमती गुंजन चौबे ने वृक्षारोपण करके किया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग खण्ड उदयपुर के क्षेत्रीय अकंक्षेण अधिकारी आशुतोश भट्ट, नाबर्ड उदयपुर के जिला विकास अधिकारी नीरज यादव, उप रजिस्ट्रार लोकेश जोशी, तथा सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार महाप्रबंधक प्रमोद कुमार द्वारा भी अपनी मॉ के नाम पर पौधारोपण किया गया।

लखारा समाज भामाशाह व प्रतिभावान सम्मान समारोह

■ श्री चैनामाता श्री कुशलामाता जन्मोत्सव समारोह

चित्तौडगढ, । श्री लखारा समाज मेवाड चौखला रानीखडा विकास सेवा संस्थान द्वारा श्री चैनामाता श्री कुशलामाता के 30 वें जन्मोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।

मीडिया प्रभारी सत्यनारायण लखारा ने बताया कि एक व दो जून को निम्बाहेडा के रानीखेडा में रानीखेडा मण्डल के अध्यक्ष चान्दमल निम्बाहेडा, वरि. उपाध्यक्ष जानकीलाल, उपाध्यक्ष सोहनलाल आवरीमाता, सुरेश चन्द्र बोहेडा, महामंत्री भगवतीलाल बानसेन, कोषाध्यक्ष भगवतीलाल आवरीमाता व उत्सव संस्थान के अध्यक्ष शिवशंकर (शेरू)चिकारडा, , उपाध्यक्ष शिवलाल कन्नोज, अशोककुमार बानसेन, महामंत्री मनोज कुमार कानोड, बोहेडा, कोषाध्यक्ष रोशनलाल निम्बाहेडा, पन्नालाल बिनोता, वरिष्ठ कार्यकर्ता विजयकुमार कन्नौज, महेन्द्र कुमार भीण्डर आदि के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस दौरान समिति द्वारा अतिथियों, समाज बंधुओं एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। अखिल भारतीय लेखरा महासभा के महामंत्री अंबालाल मुंबई के द्वारा दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में एक जून को मां भगवती जागरण व विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें भजन सम्राट (जूनियर लखबीरसिंह लक्खा) शंकर लक्खा, सिंगर महावीर दास, विधि शर्मा, नीलू, डीजे स्टार नरेन्द्र रावल ने अपनी प्रस्तुतियाँ दी। सोमवार दो जून को प्रात:साढे 6 बजे हवन, प्रात:साढे 8 बजे बोली कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान आमंत्रित अतिथिगण अखिल भारतीय लखेरा महासभा नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयेश सुरत, राष्ट्रीय महामंत्री अम्बा लाल मुम्बई, राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी कन्हैया लाल नाथद्वारा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिता छोटीसादडी, राष्ट्रीय उपकोषाध्यक्ष नवल प्रतापगढ, संगठन मंत्री शेरसिंह हरियाणा, सुनील बागडी इन्दौर, अखिल राजस्थान हिंदू लखेरा महासभा जयपुर प्रदेशाध्यक्ष गोर्वधन पचेवर, युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लखेरा अलीगढ, न्यूज चैनल 108 एवं युवा मंच प्रदेश मुख्य संयोजक घनश्याम चावंडिया, प्रदेश युवा मंच संगठन मंत्री हेमंत कोटा, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश का सम्मान किया गया।

परिचय सम्मेलन 8 जून को

उदयपुर, । श्री खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को थुर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में संस्थापक एवं राष्ट्रीयअध्यक्ष शंकरलाल चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में संस्थापक अध्यक्ष शंकरलाल चौहान ने बताया कि खटीक समाज राष्ट्रीय एकता मंच की ओर से खटीक समाज का महाकुंभ व परिचय सम्मेलन टाईगर हील स्थित प्रताप गौरव केन्द्र सभागार में 8 जून को सुबह 9 बजे आयोजित होगा। चौहान ने बताया कि आयोजन को लेकर अलग.अलग समितियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों सौंपी गई। बैठक में होने वाले महाकुंभ परिचय सम्मेलन के बारे महत्वपूर्ण रुपरेखा व कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी गई।

पर्यावरण दिवस पर सघन वृक्षारोपण

चित्तौडगढ, । चंदेरिया लेड-जिंक स्मेल्टर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, चित्तौडगढ आशीष बूरासी, द्वारा नीम का पौधा लगाकर की गई। उन्होंने इस अवसर पर सभी को पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।

उन्होंने संबोधन में बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम बीट प्लास्टिक पोल्यूशन है, जो प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर केंद्रित है। उन्होंने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और इसके नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हिन्दुस्तान जिंक के डिप्टी सीईओ स्मेल्टर्स एवं लोकेशन हेड मानस त्यागी ने कहा कि पर्यावरण के प्रति चेतना और चिंतन हर व्यक्ति के दृष्टिकोण का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों के साथ-साथ व्यक्तिगत योगदान भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग से उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर सह महाप्रबंधक पर्यावरण मनीषा भाटी ने जानकारी दी कि विश्व पर्यावरण दिवस पर परिसर में 5 हजार पौधे लगाए गए हैं।

(प्रपत्र संख्या-7)(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)

नोटिस

पत्रावली संख्या:-61/2025/2171

दिनांक-4/6/25

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियो को

चूंकि श्री गिरीश कुमार शर्मा पुत्र श्री बंशीलाल शर्मा, अध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा -17 (2) के अन्तर्गत पलाश फाउण्डेशन जिला उदयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अत: एव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम,व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे , इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60(साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां,यदि कोई हो, प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 3/6/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आगामी पेशी तारीख 12/8/25 की रखी गयी है।

मुहर (जतीन कुमार गाँधी) सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, उदयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत पुनावली पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-पंचा/2025-26/41 दिनांक-03.06.2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

इस ग्राम पंचायत में DMEF योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुनावली में दो कमरे एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, उमरोद में कक्षा कक्ष हेतु UBN N0 क्रमश :ZUD2526WSOBOO712 एवं ZUD2526WSOBOO720 के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सरपंच, ग्राम पंचायत पुनावली, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पुनावली, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

300 से अधिक प्रतिभागियों ने एकात्म मानवदर्शन पर किया मंथन

■ दो दिवसीय एकात्म मानव दर्शन का हीरक जयन्ती समारोह का हुआ समापन

उदयपुर, । भारतीय जनसंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदत्त एकात्म मानवदर्शन के साठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति जयपुर, भूपाल नोबल्स संस्थान व राजस्थान विद्यापीठ विवि के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानवदर्शन - हीरक जयंती समारोह का समापन गुरूवार को भूपाल नोबल्स विवि के प्रताप सभागार में हुआ।

समारोह का शुभारंभ वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मुकुल कानिटकर, महेश शर्मा, कुलपति प्रो.एस एस सारंगदेवोत, प्रो. एम.एल. छीपा, बीएन संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड, मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह आगरिया, रजिस्ट्रार डॉ. एन.एन. सिंह , डॉ. महेश शर्मा, आयोजन सचिव डॉ. युवराज सिंह राठौड, कुलपति प्रो.कन्हैयालाल बेरवाल ने सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर एवं दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर किया। शिक्षा एवं भाषा के क्षेत्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार पर उद्बोधन देते हुए प्रसिद्ध शिक्षाविद् और विचारक मुकुल कानितकर ने कहा है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसमें व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की चेतना समाहित होनी चाहिए। कानितकर ने स्पष्ट किया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यष्टि और समष्टि के सिद्धांत को शिक्षा में समाहित किए बिना संपूर्ण राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में वह विचारधारा होनी चाहिए जो मन, बुद्धि, आत्मा के साथ-साथ सामाजिक, राष्ट्रीय और पर्यावरणीय चेतना को जाग्रत करे।

प्रचारक गुणवंत कोठारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विविध विचारों की प्रासंगिकता एवं करणीय कार्यों पर विचार रखते हुए कहा कि संवेदना मनुष्य के विकास की पहली सीढ़ी बताया, सेवा कार्यों से जुड़ने और लोकमत परिष्कार के लिए कार्य, अनुसंधान कार्यों को गति प्रदान करने का आह्वान किया। विद्यापीठ के कुलपति प्रो. एस. एस. सारंगदेवोत ने अपने संबोधन में पं उपाध्याय के दर्शन की शिक्षा में आवश्यकता और प्रांसगिकता को स्पष्ट किया। उन्होने नई शिक्षा नीति के समाहित एकात्मक मानव दर्शन और राष्ट्रीयता के संयोजन से विकसित और विश्व गुरू भारत की संकल्पना के साकार स्वरूप प्रदान किया जा सकता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विविध विचारों की प्रासंगिकता एवं करणीय कार्य विषयक सत्र में अनिल ओक ने एकात्मक मानव दर्शन द्वारा जीवन की समस्याओं और उनके निराकरण, सुखी जीवन और विकसित राष्ट्र के निर्माण में इसकी प्रासंगिता को रेखांकित किया। अर्थ चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय - प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा, डॉ. बजरंग लाल गुप्ता ने विचार रखे। जिसमें स्वदेशी मॉडल के साथ साथ स्थानीय आवश्यकताओं, संसाधनों और संस्कृति के अनुसार निर्मित किया जाने , आयात-आधारित उपभोक्तावाद का विरोध किया और स्थानीय उत्पादन व लघु उद्योगों को बढ़ावा देने पर बल संबंधी विचार साझा किए गए।

डॉ बालूराम छिपा ने कृषि के क्षेत्र में पं उपाध्याय के दर्शन और भारतीय कृषि में नवाचार की संभावनाओं पर विचार रखे जबकि डॉ.लोकेश शेखावत मानव और व्यक्ति के मध्य के अंतर को स्पष्ट करते हुए समाज-मानव जीवन के अंतरसंबंधो और उसकी पूर्णता को बताया। डॉ.छिपा , डॉ.शेखावत, राजेन्द्र चड्ढा की उपस्थिति में प्रतिभागियों तथा शोधार्थियों ने अपने शोध पत्रों की प्रस्तुति दी गई। तकनीकी सत्रों में विषय आधारित प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन कर प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं को डॉ. महेश शर्मा ने शांत किया । कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025 आयोजित की गई जिसमें विजयी प्रतिभागियों का अतिथियों सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में 378 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. रेणु राठौड, अनुराग सक्सेना, पूर्व कुलपति प्रो. लोकेश शेखावत, पूर्व कुलपति डॉ. बालूराम छिपा, अक्षांश भारद्वाज, राजेन्द्र सिंह, शक्ति सिंह कारोही, प्रो. प्रेम सिंह रावलोत, डॉ. अनिल कोठारी, नीरज कुमावत, डॉ. विजय प्रकाश विपलवी सहित शहर गणमान्य नागरिक व अनेक शिक्षाविद, विद्वान उपस्थित रहे।

भुगतान रसीद पुस्तिका के खो जाने की सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता के ध्यान में लाया जाता है कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से संबंधित अनुलग्नक ए में उल्लिखित मूल भुगतान रसीदें खो गई है। गुम हो गई है और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को यह रसीदें/रसीदें मिलती है तो उनसे अनुरोध है कि वे तुरन्त नीचे दिए गए पते पर बैंक को रसीदें लौटा दें। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति इन रसीदों से कोई लेन-देन नहीं करेगा और एयू स्माल फायनेंस बैंक लि. किसी भी तरह से इन रसीदों के किसी भी तरह के दुरूपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

पता- (1) एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि., पहली मंजिल, द्वारा मांगीलाल मेहता, प्लाट नं. 6 एवं 7, संकल्प होटल के पास, एम.पी. सर्किल के पास, उदयपुर मेन रोड, जिला-बांसवाड़ा, आरजे, पिन कोड नं. 327001

अनुलग्नक-ए

खोने की तिथि	खोने का स्थान	रसीद बुक नं.	रसीद नम्बर
31 मई 25	बांसवाड़ा, आरजे	107432	2685798-2685800

कार्यालय ग्राम पंचायत पलासमा पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-/पंचा/निविदा/172 दिनांक-3.6.2025

-:ई निविदा सूचना -04/2025-26:-

इस ग्राम पंचायत में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्नाकित कार्य राजकीय उच्च मा.वि.पलासमा में दो कमरे निर्माण कार्य हेतु UBN N0 ZUD2526WSOB00627 के माध्यम से ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सरपंच, ग्राम पंचायत पलासमा, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पलासमा, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

दुरभाष स- 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262, Email:- ceoudr.lsg@rajasthan.gov.in

क्रमांक:-संस्था/2025-26/जा./232 दिनांक:- 03.06.2025

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि स्व. श्रीमती भागू/सुडा, सफाई कर्मचारी जो नगर निगम, उदयपुर में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। इनकी मृत्यु दिनांक 16.11.2021 को हो जाने से इनकी विवाहित पुत्री श्रीमती लता पंवार पत्नी ललित राणवा, निवासी म.न. 240, हरिजन बस्ती, अम्बामाता, उदयपुर द्वारा मृतक आश्रित अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम 1996 के अन्तर्गत दिनांक 16.12.2021 को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हैं।

अतः इनको नियुक्ति देने के सम्बन्ध में किसी को भी कोई आपत्ति हो तो मय साक्ष्य दस्तावेज के अन्दर म्याद 15 दिन में नगर निगम की संस्थापन-शाखा में प्रस्तुत करे। बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाकर आवेदक को नियुक्ति देने की कार्यवाही की जावेगी।

सूचित हो।

राज.संवाद/सी/25/3631 आयुक्त

जल को सहेजने का सामूहिक प्रयास

उदयपुर, । उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान जल को सहेजने का एक सामूहिक प्रयास है। वे गुरुवार को प्रदेशव्यापी ष्वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियानष् के शुभारंभ के उपलक्ष्य में आयोजित हुई प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अभी भी जनसंख्या के अनुपात में जल की उपलब्धता कम है ऐसे में इस अभियान के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी परिणाम मिलेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जल संरक्षण की दिशा में किये गए प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र द्वारा भी नदिया जोड़ने की परियोजना समेत कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं जिसके सुखद परिणाम भावी पीढ़ियों को मिलेंगे।

प्रेस वार्ता में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में हमारी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा शुरू किए गए मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के माध्यम से हमें जल संरक्षण में ऐतिहासिक सफलता मिली। वर्तमान की हमारी सरकार ने इसी कड़ी को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। जन-जन के सहयोग से यह अभियान भी सफल होगा और अपेक्षित परिणाम प्राप्त होंगे। प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम विभाग तथा जिले के प्रभारी सचिव टी रविकांत ने कहा कि यहा एक जन अभियान है, जल संरक्षण की दिशा में जनचेतना से ऐतिहासिक कार्य होंगे।

प्रेस वार्ता में सवालों का जवाब देते हुए जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि अभियान की एप के जरिए सतत मॉनिटरिंग होगी, मय फोटोग्राफ एवं जिओ टैगिंग के माध्यम से शासन स्तर पर भी लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। मेनार रामसर साइट की आवश्यकताओं तथा उसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकार ने कमेटी बनाई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न तालाबों के अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। अभियान के दौरान जिले की समस्त बावड़ियों का भी जीर्णाद्धार होगा। झीलों में लोग कचरा ना फेंके इस संबंध में ठोस प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले में मानसून के दौरान 38 लाख पौधारोपण किया जाएगा। सीईओ जिला परिषद रिया डाबी ने अभियान की सामान्य जानकारी तथा जिले में होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

कार्यालय ग्राम पंचायत पलासमा पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-/पंचा/निविदा/175 दिनांक-3.6.2025

-:ई निविदा सूचना -02/2025-26:-

ग्राम पंचायत पलासमा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं UBN N0 ZUD2526GLRC00693 अन्तर्गत जारी निविदा सूचना अनुसार आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सरपंच, ग्राम पंचायत पलासमा, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पलासमा, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

रन फॉर एन्वायरमेंट के बढ़ता प्लास्टिक मुक्त भविष्य की ओर से कदम

उदयपुर, । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत गुरूवार सुबह उदयपुरवासियों ने रन फॉर एन्वायरमेंट मैराथन में भाग लेकर प्लास्टिक मुक्त भविष्य की ओर कदम बढ़ाए। जिला प्रशासन और राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में तकरीबन 2500 लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प प्रदर्शित किया।

रन फॉर एन्वायरमेंट का आगाज शिल्पग्राम मार्ग स्थित होटल ग्रैंड व्हैंगम से हुआ। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व एडीजे कुलदीप शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, प्रशिक्षु आईएएस सृष्टि डबास तथा प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी शरद सक्सेना ने हरी झण्डी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया। मैराथन रानी रोड होते हुए पुन: आयोजन स्थल पर पहुंची।

कार्यालय ग्राम पंचायत ढोल पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-/पंचा/निविदा/126 दिनांक-3.6.2025

-:ई निविदा सूचना -02/2025-26:-

ग्राम पंचायत ढोल में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं UBN N0 ZUD2526GLRC00690 अन्तर्गत जारी निविदा सूचना अनुसार आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सरपंच, ग्राम पंचायत ढोल, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ढोल, पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)